# SSC – 2025-2026

## HINDI 50MARKS PRACTICE PAPER-1

**Name of the Student:……………………………… Roll No. :…...**

**भाग-I (35M)**

**I. अर्थग्राह्यता-प्रतिक्रिया:-**

**I. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।**

**(प्रश्न संख्या 1 से 5 तक के अनुच्छेद के पहले प्रश्न (अ) का उत्तर एक वाक्य में लिखना होगा। आ, इ, ई के प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से पहचानकर लिखना होगा।)**

**1. निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए। 5 M**

भारत के अलावा अन्य देशों में भी कई संस्थाएँ हिंदी के प्रचार व प्रसार में जुटी हुई हैं, जिनमें केंद्रीय हिंदी संस्थान हिंदी शिक्षण-प्रशिक्षण कार्यों से देश-विदेश में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। आज विश्व भर में करीब डेढ़ सौ से अधिक विश्वविद्यालय हिंदी संबंधी पाठ्यक्रमों का संचालन कर रहे हैं। बैंक, मीडिया, फ़िल्म उद्योग आदि क्षेत्रों में हिंदी की उपयोगिता दिन-ब-दिन बढ़ती ही जा रही है। इस तरह आज हिंदी नए-नए रोजगारों का प्रमुख आधार बन चुकी है।

प्रश्न :

अ) हिंदी की उपयोगिता दिन-ब-दिन किन क्षेत्रों में बढ़ती ही जा रही है? 2M

आ) हिंदी शिक्षण-प्रशिक्षण कार्यों में किसका महत्वपूर्ण योगदान रहा है? ( ) 1M

A) केंद्रीय हिंदी संस्थान B) हिंदी साहित्य सम्मेलन C) साहित्य अकादमी D) पंजाब विश्वविद्यालय

इ) आज विश्व भर में कितने विश्वविद्यालय हिंदी पाठ्यक्रमों का संचालन कर रहे हैं? ( ) 1M

A) 100 B) 150 C) 250 D) 50

ई) यह गद्यांश किस पाठ से दिया गया है? ( ) 1M

A) लोकगीत B) ईदगाह C) स्वराज की नींव D) अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदी

**2. निम्न लिखित पद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए। 5 M**

ऊँच-नीच का भेद मिटाकर, दिल में प्यार बसाएँगे।
नफ़रत का हम तोड़ कुहासा, अमृत रस सरसाएँगे॥
हम निराशा दूर भगाकर, फिर विश्वास जगाएँगे।
हम भारतवासी दुनिया को पावन धाम बनाएँगे॥

प्रश्न :

अ) भारतवासी निराशा दूर भगाकर क्या जगाएँगे? 2M

आ) भारतवासी क्या सरसाएँगे? ( ) 1M

A) विश्वास B) प्रेम C) अमृत रस D) प्यार

इ) भारतवासी दुनिया को क्या बनाना चाहते हैं? ( ) 1M

A) अद्भुत B) अमृत C) पावन धाम D) बाग

ई) भारतवासी दिल में क्या बसाएँगे? ( ) 1M

A) अमृत B) नफ़रत C) घृणा D) प्यार

**3.निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए। 5 M**

मदर टेरेसा अनाथों, गरीबों और रोगियों की सेवा करना चाहती थीं। इसलिए उन्होंने सन 1950 में कोलकाता में मिशनरीज ऑफ़ चैरिटी की स्थापना की। उनके द्वारा स्थापित संस्था को ही निर्मल हृदय कहते हैं। उन्होंने अपना सारा जीवन गरीब, अनाथ और बीमार लोगों की सेवा में लगा दिया। सन 1970 तक वे गरीबों और असहायों के लिए अपने मानवीय कार्यों के लिए प्रसिद्ध हो गईं।



प्रश्न :

अ) मदर टेरेसा किन की सेवा करना चाहती थीं? 2M

आ) सन 1950 में किस संस्था की स्थापना हुई? ( ) 1M

A) ऑर्फ़न चैरिटी B) फ़्री चैरिटी C) मिशनरीज ऑफ़ चैरिटी D) सेमी ऑर्फ़न चैरिटी

इ) मिशनरीज ऑफ़ चैरिटी की स्थापना कहाँ की गई? ( ) 1M

A) कोलकाता B) दिल्ली C) हैदराबाद D) विजयवाड़ा

ई) मदर टेरेसा किन कार्यों के लिए प्रसिद्ध हो गईं? ( ) 1M

A) मानवीय B) स्थानीय C) राष्ट्रीय D) अंतरराष्ट्रीय

**4. निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए। 5 M**

स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को जागरूक करने के लिए शिक्षा, सेवा और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जब तक लाखों लोग भूखे हैं, तब तक हर धर्म एक मज़ाक है। उनके विचार आज भी युवाओं को प्रेरित करते हैं।

प्रश्न :

1. स्वामी विवेकानंद ने किसे प्रेरित किया? 2M
2. उन्होंने किस बात पर बल दिया? ( ) 1M

A) धन संग्रह B) सेवा और शिक्षा C) राजनीति D) व्यापार

3. भूखों की बात करके उन्होंने किसे झूठ कहा? ( ) 1M

A) राजनीति B) समाज C) धर्म को D) विज्ञान

4. उनके विचार आज भी क्या करते हैं? ( ) 1M

A) डराते हैं B) प्रेरित करते हैं C) भ्रमित करते हैं D) भुला दिए गए हैं

**5. निम्न लिखित पद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए। 5 M**

प्रलय मचा रहा है मंथन तूफ़ान
विलय हो रहा है सब संसाधन
जलद बन गए हैं उनके वाहन
कचौड़ा भर गया है बड़ी रटन
काल हँस रहा है मनुज के बदन

प्रश्न :

(अ) प्रलय कौन मचा रहा है ? 2M

(आ) सब संसाधन क्या हो रहे हैं ? ( ) 1M

A) विलय B) प्रलय C) नृत्य D) निलय

(इ) मंथन के वाहन क्या बन गए हैं ? ( ) 1M

A) जलद B) जल C) मोर D) शेर

(ई) काल किसके बदन पर हँस रहा है ? ( ) 1M

A) बिल्ली B) हंस C) मनुज D) शेर

**6. निम्न लिखित लेखक परिचय पढ़कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।** **5X1=5 अंक**

निम्न लिखित लेखक परिचय पढ़कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। 5M

श्री प्रकाश हिंदी के जाने-माने लेखक है। इन्होंने विज्ञान विषय संबंधी ढेर सारे निबंध लिखे हैं। इनके निबंध विचारोत्तेजक है। प्रस्तुत रचना संचार माध्यम के लिए विज्ञान नामक पुस्तक से ली गई है।

प्रश्न :

अ) ................. हिंदी के जाने-माने लेखक है।

आ) श्री प्रकाश ने ................. संबंधी ढेर सारे निबंध लिखे हैं।

इ) श्री प्रकाश के निबंध ................. है।

ई) प्रस्तुत रचना ................. नामक पुस्तक से ली गई है।

उ) श्री प्रकाश ................. के जाने-माने लेखक है।

**7. संकेतों के आधार पर कवि के बारे में पाँच वाक्य लिखिए।** **5 M**

अ) बिहारी :

संकेत :

i) जन्म 1595

ii) निधन 1663

iii) दोहे नीतिपरक

iv) गागर में सागर

v) बिहारी सतसई

या

आ) सुमित्रानंदन पंत (कवि परिचय)

संकेत :

i) बरसते बादल

ii) काव्य-पाठ के लिए पुरस्कृत

iii) साहित्य अकादमी

iv) वीणा, ग्रंथि, पल्लव

v) निधन 1977

## भाग-V (15M) भाषा की बात

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।** **15 × 1 = 15M**

16. सूर्य की किरणें सुनहनी हैं। (रेखांकित शब्द का तद्भव रूप विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| सूर | सूर्य | सूरज |

17. हम जीवन–ज्योति जलाएँगे। (वाक्य में क्रिया शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| जीवन–ज्योति | जलाएँगे | हम |

18. पंद्रह सौ छप्पन (हिंदी अंकों को पढ़कर संख्याओं विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| 1566 | 1556 | 1576 |

19. हामिद _________ चिमटा खरीदा। (विकल्पों में से सही कारक पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| ने | के | की |

20. प्रकृति में जो भी न्यस्त है, वह श्रमिक का है। (रेखांकित शब्द का सही पर्यायशब्द विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| निहित | न्यस्त | मस्त |

21. मेहनत ही सफलता की कुंजी है। (रेखांकित शब्द का विलोम शब्द विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| असफल | असफलता | जीत |

22. भारत भूमि साधु-संतों की भूमि है। (रेखांकित शब्द का समास विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| द्वंद्व समास | तत्पुरुष समास | द्विगु समास |

23. हिमालय एक विशाल पर्वत है। (रेखांकित शब्द का संधि विच्छेद विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| हिमा + लय | हिम + आलय | हि + मालय |

24. कलाम एक सुप्रसिद्ध वैज्ञानिक थे। (रेखांकित शब्द का उपसर्ग विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| सु | सुप्र | स |

25. ईमानदारी एक अच्छी आदत है। (रेखांकित शब्द का प्रत्यय विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| ई | दारी | ईमान |



26. भारतीय सेना ने दुश्मनों की नींद हराम कर दी। (वाक्य में प्रयुक्त मुहावरे को विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| दुश्मनों | नींद हराम करना | सेनाने |

27. लड़के सबसे ज़्यादा प्रसन्न हैं। (वाक्य का लिंग परिवर्तित रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| लड़की सबसे ज़्यादा प्रसन्न है। | लड़का सबसे ज़्यादा प्रसन्न है। | लड़कियाँ सबसे ज़्यादा प्रसन्न हैं। |

28. मोती सागर में मिलता है। (वाक्य का वचन परिवर्तित रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| मोती सागर में मिलता है। | मोती सागर में मिलते हैं। | मोती सागर में मिलती है। |

29. हम भारतवासी दुनिया को पावन धाम बनाएँगे। (इस वाक्य का वर्तमान काल रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| हम भारतवासी दुनिया को पावन धाम बनाया। | हम भारतवासी दुनिया को पावन धाम बनाते हैं। | हम भारतवासी दुनिया को पावन धाम बनाती है। |

30. तुम तुम्हारा काम करो। (इस वाक्य का शुद्ध रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| तुम उसका काम करो। | तुम अपना काम करो। | तुम अपनी काम कर। |